आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 22.10.2024
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- राज्य में सड़कों को गड्ढा मुक्त करने के लिए किए जा रहे मरम्मत कार्यों में लापरवाही बरतने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।
- प्रदेश में स्मार्ट बिजली मीटर लगाने का कार्य शुरू।
- देहरादून में भिक्षावृत्ति में संलिप्त बच्चों को आधुनिक सेन्टर में रखा जाएगा।
- बागेश्वर जिला मुख्यालय में चलाया गया वृहद स्वच्छता अभियान। स्वच्छता को स्वभाव में लाने पर रहा जोर।

गड्ढा मुक्त सड़कें

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य की सभी सड़कों को गड्ढा मुक्त करने के लिए किए जा रहे मरम्मत कार्यों में लापरवाही बरतने वालों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। आज देहरादून में वर्षाकाल के दौरान क्षतिग्रस्त सड़कों को गड्ढा मुक्त करने के कार्यों की समीक्षा करते हुए श्री धामी ने संबंधित अधिकारियों से अब तक किए गए कामों की विस्तृत जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन सड़कों की मरम्मत का काम अब तक पूरा नहीं हो पाया है, उसे प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए।

स्मार्ट बिजली मीटर

उत्तराखंड पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (यूपीसीएल) ने बिजली की आपूर्ति को अधिक स्मार्ट और पारदर्शी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। प्रदेश में स्मार्ट बिजली मीटर लगाने का कार्य शुरू कर दिया गया है। यू०पी०सी०एल के वरिष्ठ औद्योगिक अभियंता, पंकज शर्मा ने बताया कि सरकारी आवासों, भवनों और ऊर्जा के तीनों निगमों के अधिकारियों के घरों में स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि, भविष्य में सभी बिजली उपभोक्ताओं को भी स्मार्ट मीटर का लाभ दिया जाएगा। स्मार्ट मीटर लगने के बाद बिजली चोरी, समय से बिल का भुगतान जैसी समस्याओं का समाधान होगा।

बिजली बिल

प्रदेश के बिजली उपभोक्ता अब घर बैठे बिजली के बिल से जुड़ी सभी जानकारी और शिकायतों का समाधान टोल फ्री नम्बर– 1912 से प्राप्त कर सकते हैं। इसके लिए उत्तराखंड पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड– यूपीसीएल मुख्यालय स्थित चौबीसों घंटे केन्द्रीयकृत कॉल सेंटर का नियमित रूप से संचालन किया जा रहा है।

बिजली उपभोक्ता इस टोल फ्री नम्बर पर सम्पर्क कर स्मार्ट मीटर प्रणाली से जुड़ी जानकारी भी प्राप्त कर सकते हैं। कॉल सेंटर में पूरे प्रदेश से आने वाली सभी बिजली सम्बन्धी शिकायतों का अनुश्रवण कर सम्बन्धित विभाग को भेजा जाता है। कॉल सेंटर में प्रतिदिन 500 से अधिक उपभोक्ता अपनी विद्युत सम्बन्धित समस्याओं का समाधान पा रहे हैं। गौरतलब है कि यूपीसीएल, विभिन्न माध्यमों से बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए सेवाओं को और बेहतर बना रहा है। इनमें केन्द्रीयकृत कॉल सेंटर का संचालन, मोबाइल एप और शिविरों का आयोजन शामिल है।

## होम गार्ड सम्मेलन

गृह मंत्री अमित शाह आज गांधीनगर के महात्मा मंदिर में 14वें अखिल भारतीय नागरिक सुरक्षा एवं होम गार्ड सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। इस सम्मेलन में विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 60 से अधिक वरिष्ठ अधिकारी और लगभग बारह सौ से अधिक नागरिक सुरक्षा और होमगार्ड सदस्य भाग लेंगे। नागरिक सुरक्षा और होमगार्ड के महानिदेशक विवेक श्रीवास्तव ने कहा कि सम्मेलन में मुख्य रूप से नागरिक सुरक्षा विधेयक और मॉडल होमगार्ड विधेयक तथा इन दोनों बलों की विविध नीतियों पर चर्चा की जाएगी। इसके अलावा, सम्मेलन में दोनों बलों के कामकाज में और कार्यक्षमता लाने के लिए आधुनिक तकनीक के दायरे पर भी विचार विमर्श किया जायेगा।

## पिरूल यूनिट

प्रदेश में प्रत्येक चीड़ आच्छादित वन प्रभागों के प्रत्येक रेंज में पिरूल एकत्रीकरण का लक्ष्य निर्धारित करते हुए कम से कम एक ब्रिकेट–पैलेट यूनिट स्थापित करने की कार्यवाही गतिमान है। वनाग्नि एवं आपदा प्रबंधन के अपर प्रमुख वन संरक्षक निशांत वर्मा की अध्यक्षता में देहरादून में चीड़ आच्छादित प्रभागों के प्रभागीय वनाधिकारियों और यूनिटों के उद्यमियों के साथ समीक्षा बैठक हुई। बैठक में प्रदेश में सात नई यूनिट, जिनमें अल्मोड़ा में तीन, चंपावत में 2 और पौड़ी व नरेन्द्रनगर में 1–1 यूनिट की स्थापना के लिए सहमति व्यक्त की गई। साथ ही 5 हजार हेक्टेयर से अधिक चीड़ आच्छादित क्षेत्रफल वाले चिन्हित वन प्रभागों की 57 रेजों के तहत कम से कम एक ब्रिकेट–पैलेट यूनिट स्थापित करने का लक्ष्य भी निर्धारित किया गया है।

## बाल भिक्षावृत्ति

देहरादून के जिलाधिकारी सविन बंसल ने बाल भिक्षावृत्ति पर रोक लगाने के लिए सम्बन्धित विभागों और एनजीओ के पदाधिकारियों के साथ बैठक करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही भिक्षावृत्ति और बालश्रम पर कार्य करने वाली संस्थाओं से उनके सुझाव भी लिए। जिलाधिकारी ने कहा कि भिक्षावृत्ति में लिप्त बच्चों को रेस्क्यू कर आधुनिक सेन्टर में रखा जाएगा, जहां उनके लिए खेल और पढ़ाई की सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने जिले में व्यस्क भिक्षावृत्ति पर रोक के लिए समाज कल्याण विभाग को कार्ययोजना तैयार करने के भी निर्देश दिए।

स्वच्छता ही सेवा

नमामि गंगे और स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत आज बागेश्वर जिला मुख्यालय में भागीरथी नाले के उद्गम स्थान से जिला अस्पताल के पास सरयू नदी तक स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान करीब 16 बैग कूड़ा इकट्ठा किया गया, जिसे उचित निस्तारण के लिए नगर पालिका बागेश्वर को सौंपा गया। स्वच्छता अभियान में पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन के साथ ही आस–पास के वातावरण को साफ सुथरा रखने और प्लास्टिक व अन्य जैविक, अजैविक कचरे के निस्तारण को लेकर आम लोगों को जागरूक करने पर जोर दिया गया। जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने लोगों से स्वच्छता को स्वभाव में लाने और अपना योगदान देने पर जोर दिया।

गणेश जोशी

ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने सचिवालय में उत्तराखण्ड राज्य रोजगार गारंटी परिषद की बैठक में अब तक परिषद द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर जल्द से जल्द जे.ई और रोजगार सेवकों के रिक्त पदों की नियुक्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि विकास कार्यों में तेजी लाई जा सके। श्री जोशी ने 'मेरी गांव मेरी सड़क' योजना को ब्लॉक स्तर पर लागू करने और इसे उच्च गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा करने के अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने 'एक पेड़ मां के नाम' और 'हरेला' संबंधी योजनाओं पर विशेष जोर देते हुए कहा कि संबंधित अधिकारी इन योजनाओं के तहत लगाए गए पौधों की पूरी जानकारी और निगरानी समय पर उपलब्ध कराएं।

ग्राम्य विकास मंत्री ने अमृत सरोवर योजना को प्रभावी ढंग से लागू करते हुए सरोवरों के किनारों पर वृक्षारोपण और सब्जी उत्पादन को रोजगार सृजन का माध्यम बनाने पर बल दिया। उन्होंने जिलाधिकारियों और मुख्य विकास अधिकारियों को इस योजना को सुचारू रूप से लागू करने और अधिक से अधिक लोगों तक इसका लाभ पहुंचाने के भी निर्देश दिए।

रेखा आर्या

प्रदेशभर के स्कूली बच्चों के बीच राष्ट्रीय खेलों को लेकर स्लोगन राइटिंग, लोगो डिजाइन और आर्ट वर्क की प्रतिस्पर्धा आयोजित की जाएगी और विजेता बच्चों को नकद इनाम देकर प्रोत्साहित किया जाएगा। खेल मंत्री रेखा आर्या ने देहरादून स्थित विधानभवन में 38वें राष्ट्रीय खेलों की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक में अधिकारियों को इस संबंध में निर्देश दिए हैं। खेल मंत्री ने कहा कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों की प्रतिभा को बाहर लाना और उनके बीच राष्ट्रीय खेलों को लेकर जागरूकता फैलाना है। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता का पूरा मसौदा जल्द ही सार्वजनिक किया जाएगा।